# मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, झाँसी

प्रकीर्ण वाद संख्या–११९/२०२० (एम.ए.सी.पी. सं. ३२१/१९९७)
श्रीमती ऊषा आदि बनाम ओरिएण्टल इं. कं. लि.

**<u>२२.०९.२०२०</u>**

३बी प्रार्थनापत्र प्रार्थीगण/याचीगण श्रीमती ऊषा, कु. अंजु देवी, कुं. मंजु देवी एवं जयकुमार आदि द्वारा इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि उपरोक्त याचिका में न्याधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनाँकित ०८.११.२०१९ के अनुपालन में एवार्ड की धनराशि प्रार्थीगण/याचीगण के पंजाब नेशन बैंक के खातों में जिनका विवरण प्रार्थनापत्र में दिया गया है, में स्थानान्तरित करने का आदेश पारित करने की कृपा की जाय। प्रार्थीगण द्वारा यह भी कथन किया गया है कि प्रार्थीगण को एफ.डी. दिनांक ०४.०९.२०२० को प्राप्त हो चुकी हैं। समर्थन में प्रार्थीगण के आधार कार्ड की छाया प्रतियाँ व खाते की पासबुक की छाया प्रतियाँ दाखिल की गई हैं।

प्रार्थीगण न्यायाधिकरण के समक्ष मय विद्वान अधिवक्ता वर्चुअल न्यायालय में उपस्थित आये। प्रार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता को वर्चुअल न्यायालय में सुना गया तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से यह विदित होता है कि इस प्रकरण में प्रार्थी सं. १ लगायत ४ की पासबुक की प्रतियाँ उपलब्ध न होने के कारण उनको प्राप्त होने वाली क्षतिपूर्ति की धनराशि उनके खातों में जमा नहीं हो पाई है । पंजाब नेशनल बैंक शाखा झोकनबाग के पत्र दिनाँक ०५.०८.२०२० के अनुसार प्रार्थी सं. २ लगायत ४ प्रत्येक को रु. ५०५४८.५० पैसे नकद देय है, तथा प्रार्थी सं. १ को रु. १५१६४९.५० पैसे नकद देय है । प्रकरण में प्रार्थी सं. १ लगायत ४ द्वारा अपनी–अपनी संबंधित एफ.डी.आर. प्राप्त की जा चुकी हैं। अब उक्त प्रार्थीगण ने अपने–अपने खातों की पासबुक की छाया प्रतियाँ दाखिल कर दी गयी है। तदनुसार उपरोक्तानुसार प्रार्थी सं. २ लगायत ४ प्रत्येक के नाम रु. ५०५४८.५० पैसे तथा प्रार्थी सं. १ के नाम रु. १५१६४९.५० पैसे एवार्ड की धनराशि उनके बैंक खातों में जरिये आर.टी.जी.एस./नेफ्ट स्थानान्तरित किये जाने योग्य है।

**<u>आदेश</u>**

पंजाब नेशनल बैंक शाखा झोकनबाग, झाँसी को आदेशित किया जाता है कि वह एम.ए.सी.पी. सं. ३२१/१९९७ (प्रकीर्ण वाद सं. ११९/२०२० श्रीमती ऊषा आदि बनाम ओरिएण्टल इं. कं. लि.) के प्रकरण में जमा शेष क्षतिपूर्ति धनराशि प्रार्थीगण को निम्न सारिणी के अनुसार को भुगतान कर देंः–

| Applicant/ petitioner | Amount in Rs. | + (%of) Interest Accrued on Deposited Amount | Mode of Disbursment | Bank Account Number | Bank | IFSC Code |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Smt Usha | 151649.50 | 50.02 | Elect.Mode RTGS/NEFT | 1147000110123159 | PNB Bijauli DISTT Jhansi | PUNB0114700 |
| Jai Kumar | 50548.50 | 16.66 | Elect.Mode RTGS/NEFT | 1147000110088856 | PNB Bijauli DISTT Jhansi | PUNB0114700 |
| Kum.Anju Devi | 50548.50 | 16.66 | Elect.Mode RTGS/NEFT | 1147001510013415 | PNB Bijauli DISTT Jhansi | PUNB0114700 |
| Kum.manju Devi | 50548.50 | 16.66 | Elect.Mode RTGS/NEFT | 1147000110035535 | PNB Bijauli DISTT Jhansi | PUNB0114700 |
| Total | 303295 | 100 | | | | |

तदनुसार अनुपालन आख्या तत्काल जरिये ई–मेल एवं वाट्सएप न्यायाधिकण को प्रेषित की जाय। ३बी प्रार्थनापत्र तदनुसार निस्तारित।

पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(चंद्रोदय कुमार)
पी.ओ., एम.ए.सी.टी., झाँसी।